## राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.4 (ई)/(83/2011)/लिंक न. 9788/अलेसे–III/420 दिनांकः–18-7-16

### आदेश संख्या 50/2016–2017

विभागीय आदेश संख्या 148/2015–16 दिनांक 02.12.2015 के क्रम संख्या 1 पर अंकित श्री संदीप कुमार राठौड़ पुत्र श्री भगवान दास निवासी ब्यावर, जिला अजमेर को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति दी जाकर उनका पदस्थापन उपकोषाधिकारी, गोगुन्दा (उदयपुर) कार्यालय में किया गया था। श्री संदीप कुमार राठौड़ द्वारा उक्त आदेशों की पालना में अपने पदस्थापन कार्यालय में उपस्थिति नहीं दिये जाने पर निदेशालय के पत्र क्रमांक 12569 दिनांक 18.01.2016 एवं पत्र क्रमांक 76 दिनांक 22.03.2016 एवं पत्र क्रमांक 98 दिनांक 27.04.2016 द्वारा पुनः कार्यग्रहण हेतु लिखा गया परन्तु श्री संदीप कुमार राठौड़ द्वारा आज दिनांक तक भी कार्यग्रहण नही किया गया है। श्री संदीप कुमार राठौड़ के नियुक्ति आदेश जारी करने के पश्चात 6 माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने एवं बार–बार स्मरण–पत्र जारी करने के बावजूद भी उनके द्वारा कनिष्ठ लेखाकार पद पर कार्यग्रहण नही किया गया है जिससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि श्री संदीप कुमार राठौड़ उक्त पद पर कार्य करने के लिए इच्छुक नही हैं।

अतः नियमानुसार निर्धारित समयावधि में कार्यग्रहण नही करने के कारण विभागीय आदेश संख्या 148/2015–16 दिनांक 02.12.2015 के क्रम संख्या 1 पर अंकित श्री संदीप कुमार राठौड़ पुत्र श्री भगवान दास का नियुक्ति आदेश एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है।

(पंकज पाटनी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.4 (ई)/(294/88)/अलेसे–III/420 दिनांकः– 18-7-16

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. शासन सचिव वित (राजस्व) विभाग, राजस्थान जयपुर।
2. सचिव राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर।
3. कोषाधिकारी, उदयपुर।
4. उपकोषाधिकारी, गोगुन्दा उदयपुर।
5. श्री संदीप कुमार राठौड़ पुत्र श्री भगवान दास म. 1/64 दीप कुंज साकेत नगर हाउसिंग बोर्ड, गणेशपुर रोड़, ब्यावर, जिला अजमेर।
6. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदया।
7. उपनिदेशक (एसीपी) को वेब साइट पर अपलोड करने एवं लिंक न. 9788 के पीआईएस रिकार्ड संधारण हेतु।
8. पदस्थापन सीट/वरिष्ठता सीट।
9. निजी/रक्षक पत्रावली।

(प्रदीप माथुर)
संयुक्त निदेशक (कार्मिक– III)